भारत सरकार

केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग

हिन्दी प्रश्न पत्र–1 अक्टूबर - 2020

समय : 3:00 घंटा | पूर्णांक : 100

प्रश्न 1: निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए।

क) यातायात नियम–स्व अनुशासन

ख) भारत की एकता और अखंडता में हिन्दी की भूमिका

ग) राष्ट्रीय महत्व के विषयों के प्रति नागरिकों में उदासीनता

अंक 20

प्रश्न 2: श्री रमेश चन्द्र, सहायक अभियंता 60 दिन की अर्जित छुट्टी पर गए थे, लेकिन वे 10 दिन बाद ही कार्य पर वापस आ गए। उन्हें कार्य संभालने की आज्ञा देनी है तथा शेष छुट्टी का आदेश बदलना है और 60 दिन की अर्जित छुट्टी के दौरान उनके स्थान पर जिस अधिकारी को कार्य पर लगाया गया था, उन्हें उनके कार्यालय वापस भेजना है। इस संबंध में जारी किए जाने वाले कार्यालय आदेश का प्रारूप तैयार कीजिए।

अंक 15

प्रश्न 3 : निम्नलिखित शब्दों का संधि विच्छेद करें।

(क) भावुक (ख) उच्चारण (ग) निष्ठुर (घ) सर्वोपरि (ङ) सिद्धांत

अंक 5

प्रश्न 4 : नीचे लिखे गए शब्दों के समानार्थक शब्द के लिए चार–चार विकल्प दिए गए हैं उनमें से सही विकल्प का चयन करें।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1) साधन | (क) सचेतक | (ख) उपकरण | (ग) अवतरण | (घ) आवरण |
| 2) भ्रमण | (क) परिहार | (ख) पर्यटन | (ग) विहार | (घ) यायावरी |
| 3) सतत् | (क) अद्भुत | (ख) अनवरत | (ग) अत्यधिक | (घ) यथार्थ |
| 4) स्थानीय | (क) प्राकृतिक | (ख) आंचलिक | (ग) काल्पनिक | (घ) सार्वत्रिक |
| 5) विघ्न | (क) आदान | (ख) व्यतिक्रम | (ग) आघान | (घ) व्यवधान |

अंक 5

प्रश्न 5 : नीचे लिखे गए अंग्रेजी शब्दों के हिन्दी पर्याय के लिए तीन–तीन विकल्प दिए गए हैं उनमें से सही विकल्प का चयन करें।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1) **Visitor** | (क) अतिथि | (ख) आगंतुक | (ग) अपरिचित |
| 2) **Preside** | (क) अध्यक्षता करना | (ख) नेतृत्व करना | (ग) निर्णय लेना |
| 3) **Compliance** | (क) अनुग्रह | (ख) अनुपालन | (ग) अनुकरण |
| 4) **Propound** | (क) स्थापित करना | (ख) खोज करना | (ग) प्रतिपादन करना |
| 5) **Disparity** | (क) अमान्य | (ख) विषमता | (ग) उल्लंघन |

अंक 5

प्रश्न 6 : निम्नलिखित अंकों को शुद्ध हिन्दी शब्दों में लिखें :–

28, 89, 91, 43, 77

अंक 5

कृ.पू.उ.

प्रश्न 7 : (1) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखें :–

(क) अति (ख) कनिष्ठ (ग) कृतज्ञ (घ) अनुराग (ङ) अस्त

अंक 5

(2) निम्नलिखित एकार्थक प्रतीत होने वाले शब्द युग्मों में भेद करें।

(क) पाप–अपराध (ख) समय–युग (ग) कार्य–कर्तव्य (घ) घमंड–अभिमान (ङ) निर्णय–न्याय

अंक 5

(3) अनेक शब्दों अथवा पदबंधों के लिए एक–एक शब्द लिखिए।

1. थोड़ा जानने वाला।
2. दो सप्ताह में एक बार होने वाला।
3. जिसे अधिकार दिया गया हो।
4. जिसकी गहराई की थाह न लग सके।
5. जिसकी आशा न की जाय।

अंक 5

प्रश्न 8 : निम्नलिखित अनुच्छेद का सार (लगभग एक तिहाई शब्दों में) और इसका उपयुक्त शीर्षक लिखें।

सूचना एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हुई क्रांति के बाद भारत इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों के सर्वाधिक उपभोक्ताओं वाला देश बन चुका है। इसमें कोई संदेह नहीं कि पिछले कुछ सालों में भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स का बाजार गुणात्मक स्तर पर तेजी से बढ़ा है और लगातार इसमें बढ़ोतरी ही होती जा रही है। भारत में इस समय तकनीक और संसाधनों की क्रांति अपने चरम पर है और इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों की मांग लगातार बढ़ती जा रही है। भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों की बढ़ती मांग से अब इलेक्ट्रॉनिक्स का बाजार इतना बड़ा तो हो ही चुका है कि भारतीय अर्थव्यवस्था को सीधे तौर पर प्रभावित कर सकता है। इस बात से बिल्कुल इनकार नहीं किया जा सकता कि सूचना एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में तेजी से विकसित हो रहा इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार भारत के लिए कई स्तरों पर विकास एवं बेहतरी की संभावना लेकर आया है, लेकिन समानांतर रूप से इस बात पर भी व्यापक बहस जरूरी है कि बड़े स्तर पर फैल चुके इस बाजार को लेकर हमारी नीतियां कितनी मजबूत और कारगर साबित हो रही हैं। इस पूरे मसले में अगर देखा जाए तो हमारी अर्थव्यवस्था पर इस बाजार का ज्यादा प्रभाव भारी मात्रा में होने वाले आयात की वजह से पड़ता नजर आ रहा है।

अंक 20

प्रश्न 9 : निम्नलिखित वाक्यांशों को हिन्दी में लिखें।

(क) **Nothing shall derogate the power of parliament.**

(ख) **Recognition already granted will be withdrawn.**

(ग) **With permission to prefix and suffix.**

(घ) **Individual cases will be decided on merits.**

(ङ) **Sanction has become inoperative.**

अंक 10